चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सेल/4444
दिनांक: 19.11.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
बी0डी0एस0 एवं एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम,
सम्बद्ध चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– सत्र 2019–20 के बी0डी0एस0 एवं एम0डी0एस0 की परीक्षाओं हेतु दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2019–20 के बी0डी0एस0 एवं एम0डी0एस0 के छात्र/छात्राओं की परीक्षायें दिनांक 21 नवम्बर, 2020 से प्रस्तावित है। कोरोना महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली एवं उ0 प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार उक्त परीक्षाओं के सफल, सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालन एवं सम्पन्न कराने में अपना सहयोग देने का कष्ट करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में लिए गये निर्णयानुसार यदि कोई भी छात्र उपरोक्त परीक्षा में कोविड–19 से ग्रसित होने अथवा किसी भी अन्य कारणवश प्रतिभाग करने से वंचित रहता है, तो ऐसे छात्रों को विश्वविद्यालय छात्र हित के दृष्टिगत कोरोना महामारी की स्थितियां समान्य होने के पश्चात उचित समय पर उक्त परीक्षा से वंचित हुये छात्रों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

19/11/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को कुलपति महोदय जी के सूचनार्थ।
2. सचिव प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।

19/11/2020
परीक्षा नियंत्रक